तापमान

अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 4.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026



11 ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्यता को हटाने की मांग

12 'किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार'






**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत वर्ष 14 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सरोला निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आत्महत्या को मजबूर करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना शहर पुलिस ने आत्हत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुसाइड नोट व परिजनों के बयान पर गत वर्ष 1 अक्टूबर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुरराम की सिद्धार्थ सोसायटी में रह रहे मूल रूप से नई बस्ती निवासी देवीदयाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### चोरी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने गत वर्ष चोरी के आरोप में दर्ज मामले में एक और आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 19 सितंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अब इस मामले में राजस्थान के नूर नगर की निवासी सुमन देवी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2024 में विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत वर्ष 13 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने हिसार के सातरोड निवासी दलीप कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### चोरी के मामले में फरार आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 13 नंवबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में राजस्थान के मुसारी निवासी आरिश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश जारी किए गए। बाद में उसे एस्कोर्ट गार्ड के हवाले कर दिया गया।

### गर्व से कहो-हम हिंदू हैं कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से एक फरवरी को पंजाबी धर्मशाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम गर्व से कहो-हम हिंदू हैं का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संयोजक डा. आरबी यादव विशिष्टातिथि रहेंगे।

*फिजिबल नहीं पाए जाने पर 9 विकासकार्यों में बदलाव*

# गढ़ी बोलनी रोड का नाम राव बिरेंद्र के नाम पर जिला परिषद की मीटिंग में कई प्रस्तावों पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला परिषद की बैठक शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला प्रमुख मनोज यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गढ़ी बोलनी रोड का नाम पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह के नाम पर रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया, जिसे मंजूरी के लिए संबंधित विभाग के पास भेजा जाएगा। बैठक में स्टांप ड्यूटी से मिली 17.09 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन भी किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई बैठक में जिला प्रमुख ने बताया कि जिला परिषद को स्टांप ड्यूटी के रूप में कुल 17.09 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस राशि में से 34 लाख रुपये जिला प्रमुख कार्यालय के खर्च में समायोजित किया जाना है। इस खर्च को छोड़कर शेष बची 16.75 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 250 प्रस्तावित विकासकार्यों के लिए आवंटन किया गया है। जैनाबाद गांव व रामपुरा जैसे गांवों को विकासराशि का आवंटन ज्यादा किया गया है। बैठक में प्रधान मनोज यादव ने बताया कि जिला परिषद की ओर से पूर्व की बैठक में जिन विकासकार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई थी, उनमें से 9 विकासकार्य फिजिबल नहीं पाए गए। अब उस राशि को दूसरे विकासकार्यों में लगाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया है। गत वर्ष 19 दिसंबर को हुई मीटिंग में 2 विकासकार्य गलत दर्ज किए गए थे, जिन्हें निरस्त करने का पास भी बैठक में पास किया गया। बैठक में एडीसी राहुल मोदी, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला उप प्रमुख नीलम रायपुर, पार्षद भूपेंद्र सहित अधिकांश पार्षद मौजूद रहे।

बैठक में जिला प्रमुख ने बताया कि जिला परिषद को स्टांप ड्यूटी के रूप में कुल 17.09 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस राशि में से 34 लाख रुपये जिला प्रमुख कार्यालय के खर्च में समायोजित किया जाना है। इस खर्च को छोड़कर शेष बची 16.75 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 250 प्रस्तावित विकासकार्यों के लिए आवंटन किया गया है।



रेवाड़ी। जिला परिषद की बैठक लेते जिला प्रमुख व मौजूद पार्षद। फोटो : हरिभूमि

#### इन गांवों में विकासकार्यों पर लगाई गई मुहर

बायल गांव से मेन रोड से श्मशान घाट तक रास्ता निर्माण कराने, खुर्मपुर से जैतपुर तक रास्ता निर्माण कराने, कमालपुर में मेन रोड से बीपीएल कॉलोनी तक रास्ता बनवाने, पदैयावास में हरिकान्त के घर से सुन्दर लाल पंच के घर तक गन्दे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन डलवाने व रास्ता निर्माण, जाडरा में 20 कुर्सियां लगवाने सहित कई प्रस्तावों पर सहमति हुई। इसके अलावा कई गांवों के विकासकार्यों पर राशि आवंटित हुई।

#### पार्षदों ने उठाई विकास राशि बढ़ाने की मांग

पूर्व की बैठक में जिन गांवों के लिए विकास राशि आवंटित की गई थी, कुछ पार्षदों ने उस राशि को कम बताते हुए उसमें वृद्धि करने की मांग उठाई। कुछ पार्षदों ने बैठक में कहा कि आगे गर्मी का सीजन आने वाला है, इसलिए गांवों में पीने के पानी के लिए वाटर कूलर लगवाए जाएं। जिला प्रमुख ने इसके लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया।



#### नंदरामपुर बास गांव में पीवीसी लाइन बिछेगी

बैठक में दूषित पानी की समस्या का सामना कर रहे धारूहेड़ा खंड के नंदरामपुर बास गांव से दूषित पानी को पीपीसी पाइप लाइन के जरिए बाहर निकालने के लिए राशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव रखा गया। गांव के हरिजन बस्ती के लोगों को जोहड़ में एकत्रित होने वाले दूषित पानी से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रस्ताव को भी बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया।

#### समान रूप से करवाया जा रहा विकास

जिला परिषद की ओर से सभी गांवों में समान रूप से विकास करवाया जा रहा है। जिन गांवों से विकासकार्यों के लिए राशि की डिमांड आती है, फिजिबल पाए जाने पर उन गांवों को ग्रांट जारी कर दी जाती है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार बिना किसी भेदभाव के विकासकार्य कराए जा रहे हैं।
-मनोज यादव, जिला प्रमुख।

## रामपुरा में चार एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

- टीम ने 18 डीपीपी, 6 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया
- पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी नारनौल रोड स्थित गांव रामपुरा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज कर दिया। टीम ने 18 डीपीपी, 6 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में अवैध निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार बताया जा रहा है कि वे प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।

## अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामपुरा थाना पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने में मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला कुतुबपुर निवासी चंद्रपाल उर्फ चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू के रूप में हुई है। गत 29 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि चंद्रपाल उर्फ चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू के पास अवैध हथियार है तथा रेलवे फाटक महेन्द्रगढ रोड शास्त्री नगर के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 1 अवैध देशी पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सरपंच प्रतिनिधि पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

- अन्य आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस
- गणतंत्र दिवस के दिन हुआ था सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भालखी निवासी सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर गणतंत्र दिवस के दिन हुए जानलेवा हमले में के मामले में खोल थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पहले भी आपरधिक मामले दर्ज हैं। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास के आरोप में केस दर्ज किया था। पुलिस को दर्ज बयान में सुरेंद्र उर्फ धोलिया ने बताया था कि वह 26 जनवरी के दिन भालखी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने चाचा दीनदयाल के साथ गया था। कार्यक्रम के बाद वह अपनी ब्रेजा कार से घर लौट रहा था। माजरा का अंडरपास क्रॉस करते ही एक बोलेरो कैंपर ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। एक बोलेरो उसकी कार के आगे लगा दी गई। इन गाड़ियों से रवि, योगेश, पकंज निवासी प्रतापुर, कमल नांगल जमालपुर, शीशपाल, नवीन, राधे, अमरुद, भौम, तेजा, सतीश, धर्मबीर, प्रदीप सहित कई लोग उसके पास आए। रवि, नवीन व शीशपाल ने उसे गाड़ी से बाहर निकालकर कहा कि तूने भाई रविंद्र हाथी से मारपीट की थी। उसी ने बदला लेने के लिए हमें भेजा है। उसने आरोप लगाया कि रवि ने उस पर फायर करने का प्रयास किया तो मैगजीन पिस्टल से निकल गई।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी साहिल व पंकज। फोटो : हरिभूमि

#### मौके से बरामद हुई थी मैगजीन


सरपंच प्रतिनिधि से निर्ममता से की गई मारपीट का वीडियो भी जमकर वायरल हुआ था। इसके बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया था। टीम ने मौके से एक पिस्तौल का मैगजीन बरामद किया था, जिसमें पांच जिंदा कारतूस मिले थे। डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### सरपंच रविंद्र पर हुआ था हमला

नाला निर्माण को लेकर शुरू हुए विवाद के चलते माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी पर 20 जनवरी की शाम को हमला हो गया था। रविंद्र हाथी को हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आने के बाद एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया था। रविंद्र ने भालखी निवासी सुरेंद्र उर्फ धोलिया सहित 9 लोगों पर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

### पुलिस टीम ने अब तक 63 नशा पीड़ितों का करवाया इलाज

**रेवाड़ी।** पुलिस की नशामुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांप कोनसीवास व कालाका में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया है। नशा मुक्ति टीम द्वारा अब तक नशे से पीड़ित 220 लोगों की पहचान की है, जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित है। इसके अलावा 63 नशा पीड़ितों का इलाज करवाया गया है। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## इन्वेस्टमेंट के नाम पर 9.46 करोड़ की ठगी का दसवां आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- आरोपी के खाते में ठगी की रकम 69 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे

शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट से मोटा पैसा कमाने का लालच देकर पिथनवास के एक व्यक्ति से लगभग 9.46 करोड़ रुपये की ठगी करने के दसवें आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खाते में ठगी की रकम 69 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। इस मामले में 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गत वर्ष 22 सितंबर को गांव पिथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर एक व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था।



ठगी का आरोपी अनिर्बन भट्टाचार्य।

#### नौ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका

उसका व्हाट्स पर कुछ लोगों से संवाद होना शुरू हो गया। उससे शेयर मार्केट में इन्वेसमेन्ट करने की बात कहकर एक मोबाइल एप्लीकेशन इन्सटॉल करवा दी। इसके बाद उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। उसके खाते में मोटा मुनाफा दिखाया गया। जब उसने रकम निकालने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा। इसके बाद उसे साइबर ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने कोलकाता के दक्षिणी चौबीस प्रगना बौरेल हाल आबाद दिल्ली के कालकाजी के अरावली अपार्टमेंट निवासी अनिर्बन भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम के 69 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

*एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव की संभावना*

# तेज धूप निकलते ही चढ़ा दिन का पारा

- ओलावृष्टि की आशंका से किसानों की चिंता बढ़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। हल्की बारिश के बाद शुरू हुआ कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। ठंड के बीच जब भी सूर्य देव अपनी चमक दिखाते हैं, तो लोगों के चेहरे खिल जाते हैं। आसमान में बादल छाते ही ठंड का प्रकोप बढ़ जाता है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। फरवरी के शुरू में ही बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंक किसानों की चिंता बढ़ाने का काम कर रही है। शुक्रवार को सुबह के समय हल्की धुंध बनी रही। इसके बाद सूर्योदय ने कोहरे के असर को खत्म कर दिया। तेज धूप निकलते ही सुबह के समय शुरू हुई कड़ाके की ठंड का असर काफी हद तक कम हो गया। अधिकतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 21.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान 2.3 डिग्री की गिरावट के साथ 4.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 78 प्रतिशत तक रहा। दोपहर तक तेज धूप ने लोगों को तीन दिन बाद कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने का काम किया। दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाते ही एक बार फिर ठंड का असर बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। फरवरी माह के शुरू में ही बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। तापमान में इस दौरान उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जल्द मौसम साफ होने के अभी आसार नहीं हैं। धारूहेड़ा का एक्यूआई 160 दर्ज किया गया।

#### शाम को बादल छाने के बाद बदला मौसम



रेवाड़ी। वीरवार रात्रि कोहरे में लिप्त अनाजमंडी। फोटो : हरिभूमि

#### बादल देखकर चिंतित हो रहे किसान

जनवरी माह के अंत में दो बार हुई बारिश के बाद रबी फसलों पर रौनक छाई हुई है। बारिश से सरसों और गेहूं की फसलों को अच्छा फायदा मिला है। किसानों को सरसों की अगेती फसल की सिंचाई से छुटकारा मिल गया है। अभी अगर और बारिश होती है, तो वह भी फसलों के लिए लाभकारी साबित होगी। अगर बारिश के साथ ओलावृष्टि होती है, तो इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। ओलावृष्टि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए बादल छाते ही किसान चिंतित हो जाते हैं।

## नाले में गिरकर बेसुध हुआ वृद्ध पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**धारूहेड़ा।** विपुल गार्डन के पास शुक्रवार सायं एक करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग नाले में गिर गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बेहोशी की हालत में बुजुर्ग को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। विपुल गार्डन के पास से गुजर रहे एक नाले में अचानक बुजुर्ग गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे नाले में गिरते हुए देख लिया। लोगों ने बुजुर्ग को नाले से बाहर निकाला। पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने अचेतावस्था में बुजुर्ग को रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया। इसके बाद पुलिस ने बुजुर्ग की पहचान व उसके परिजनों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।


SADASUKH MEMORIAL SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
REQUIREMENT
PGT-Physics, Chemistry, Biology, Maths, Political Science, History, Physical Edu., Hindi, English
TGT-English, Science, Maths, Hindi, Sanskrit, Computer Social Science (Eng. Medium), Art & Craft
PRT-English, EVS, Maths, Mother Teacher, Computer
COACH- Atheletic, Vollyball, Badminton
NON TEACHING STAFF Receptionist, Accountant, Computer Operator Driver, Conductor, Peon, Gardener, Sweeper
Salary No Bar for Deserving Candidates
WALK-IN-INTERVIEW
on Sunday, 01st Feb. 2026 10:00 am to 02:00 pm
VENUE: GAHRA ROAD, KANINA (M/GARH)
Contact for - 9266014001, 9306259822, 9991810146, 9416150682




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

## लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।




## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

**खबर संक्षेप**

## नाहड़ से मोटर साइकिल चुरा ले गया चोर

**कोसली।** नाहड़ गांव से अज्ञात व्यक्ति घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को चुरा ले गया। नाहड़ गांव निवासी रामकिशन ने पुलिस का बताया कि शुक्रवार सुबह उन्होंने अपनी बाईक घर के सामने खड़ी की थी। आधा घंटे बाद घर से बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। उसने अपने स्तर पर छानबीन के बाद नाहड़ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## 15 वर्षीय छात्रा ने लगाया फंदा, मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव दौंगड़ा अहीर की 15 वर्षीय छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। छात्रा की माता ने उसकी मौत को लेकर पढ़ाई की डिप्रेशन बताया है। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। छात्रा की माता राधा ने बताया कि उसकी चार लड़की है, सबसे छोटी 15 वर्षीय लवली हैं। लवली सरकारी स्कूल दौगड़ा में नौंवी कक्षा की छात्रा थी। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण घर पर ही थी। वह अपने बच्चों के साथ निजी काम को लेकर बाहर चली गई।

## बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सिटी पुलिस टीम ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले रेवाड़ी के आदर्शनगर वासी आरोपित रविन को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला रावका वासी शिकायतकर्ता योगेश कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 12 जनवरी की रात को उसके घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित रविन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में प्रदर्शन सवर्ण समाज ने सौंपा ज्ञापन

### यूजीसी-एक्ट पर पुर्नविचार करके संसोधन करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम के विरोध में शुक्रवार को संपूर्ण सवर्ण समाज संघ व अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा ट्रस्ट ने डीसी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर यूजीसी-एक्ट पर पुर्नविचार करके संसोधन करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी एक्ट के काले कानून को किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार समाज को बांटने का कार्य कर रही है। उन्होंने यूजीसी एक्ट की मुगल व अंग्रेजों के कानून से तुलना भी की। शुक्रवार को संपूर्ण स्वर्ण समाज संघ व अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा ट्रस्ट के सैकड़ों सदस्य महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संवर्धन विनियम 2026 लागू होने के साथ मीडिया व सोशल मीडिया के साथ स्वर्ण समाज में भी अनिर्णय व अविश्वास का आभास हो रहा है। इस विनियम के बाद इसका दुरूपयोग होने व फर्जी शिकायतों से निरपराध व्यक्ति के प्रताड़ित होने की संभावना बढेगी। एक्ट की आड़ में सामाजिक सौहार्द आघात किया जाएगा और एससी-एसटी व अन्य जातियों के बच्चों की ओर से स्वर्ण समाज के निर्दोष बच्चों को जानबूझकर झूठे केसों में फंसाने की प्रबल संभावना लग रही है, क्योंकि विनियम में झूठी शिकायत करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे एक्ट के दुरूपयोग की प्रबल संभावना बनी हुई है, जिसके कारण स्वर्ण वर्ग में भय व अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। उयह एक्ट भारत के संविधान के समानता के अधिकार का पूर्णता उल्लंघन करता है। जोकि गैर कानूनी व असंवैधानिक व मनमाना कानून है,जो समाज को जातियों में विखंडित करने का कार्य करेगा। उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कानून एवं न्यायमंत्री तथा शिक्षामंत्री भारत सरकार से पुर्नविचार करके यूजीसी एक्ट में किए गए प्रावधानों को संसोधित करके लागू करने की मांग की है।


■ यूजीसी एक्ट के काले कानून को किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



रेवाड़ी। यूजीसी एक्ट को लेकर प्रदर्शन करते सर्व समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर एडवोकेट संदीप चौहान नांधा, एडवोकेट अनिल अत्री, एडवोकेट देवेन्द्र तंवर, पवन चौहान कदू, संदीप चौटाला खोरी, सनी यादव ततारपुर, ज्योति सांगवान, मोहित नैचाना, कमल पंडिम, हैप्पी अग्रवाल, भानू शर्मा, अशोक चौहान, प्रताप सिंह चौहान व महेन्द्र सिंह चौहान सहित सर्व समाज के अनेक युवा तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



रेवाड़ी। महात्मा गांधी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रृद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस के एससी डिपार्टमेंट की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया गया। एससी डिपार्टमेंट के जिलाध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कार्यकर्ताओं के साथ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलाने के साथ-साथ समाज में समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता का संघर्ष और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर सेवा स्तंभ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष भगत सिंह सांभरिया, बलबीर पंच, रमेश, शिशपाल, मामराज, इंद्रजीत, हरिदास, वैद्यनाथ, हरिनाथ, अक्षय, मिथलेश, गौरीशंकर, अरुण, सचिन, सुदेश व सतपाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ब्यूटी पार्लर की कहकर गई किशोरी लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव में किशोरी घर से ब्यूटी पार्लर जाने की कहकर गई, लेकिन वापस घर नहीं आई। किशोरी के पिता ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 27 जनवरी को निकटवर्ती गांव के एक ब्यूटी पार्लर में जाने की कह कर घर से गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने ब्यूटी पार्लर शाप पर जाकर पूछताछ की तो पता लगा कि वह ब्यूटी पार्लर पर नहीं आई तथा उनकी दुकान तीन दिन से बंद है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज लिया है।



रेवाड़ी। शहीदों की स्मृति में मौन रखते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस कर्मियों ने शहीदों की शहादत को किया नमन

**रेवाड़ी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वालों की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 जनवरी को दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की जाती है। शुक्रवार को जिले के सभी थाना, चौकी व पुलिस कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणाआईपीएस ने कहा कि हम उन शहीदों को कभी नहीं भूल सकते, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई है। एसपी ने कहा कि शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करेंगे। सभी पुलिस कर्मियों ने शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा।

## कोसली क्षेत्र के गांव से युवती लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से 27 वर्षीय युवती लापता हो गई। युवती की मां ने युवक पर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। युवती की मां ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया है। मां के अनुसार घर से जाने के बाद उनकी बेटी ने फोन पर बताया कि वह युवक के साथ है। मां ने पुलिस को युवक का नाम भी बताया है। पुलिस ने मां की शिकायत पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया कर लिया है।

■ मां ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया

# ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्यता को हटाने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

■ गांवों में लोग नौकरी या अपने व्यवसाय में व्यस्त होने के कारण ग्राम सभा में नहीं पहुंच पाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

नाहड़ खंड सरपंच एसोसिएशन ने विधायक अनिल कुमार यादव को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी के नियम को हटाने की मांग की है। और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। सरपंचों ने कहा कि ग्राम सभा करने के लिए 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी सभी पंचायतों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। खंड की ग्राम पंचायतों में सरपंच, चौकीदार से मुनादी करके तीन ग्रामसभा का आयोजन अब तक कर चुके हैं, लेकिन सभी ग्रामसभा में कोरम के अनुसार लोग नहीं आने से सभी पंचायतें ग्रामसभा कराने में असफल रही है, जिससे ग्राम पंचायत विकास कार्यो और विभिन्न योजना के एजेंडे पारित नहीं हो पाने के कारण परेशानियां हो रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में लोग नौकरी या अपने व्यवसाय में व्यस्त होने के कारण ग्राम सभा में नहीं पहुंच पाते। प्रायः परिवार का मुखिया ही ग्रामसभा में पहुंचता है, जिससे सरपंच के लिए 40 प्रतिशत ग्रामीणों की भागीदारी ग्रामसभा में असम्भव हो चुकी है।

सरपंच एसोसिएशन ने ग्रामसभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणो की अनिवार्य भागीदारी के कोरम के नियम को समाप्त करके पहले की तरह ग्रामसभा के कोरम को सुचारू रूप से लागू किए जाने की मांग की है।



रेवाड़ी। विधायक अनिल यादव को ज्ञापन देते सरपंच एसोसिएशन के सदस्य।



रेवाड़ी। होली पर्व के उपलक्ष्य में डांडा रोपने की परम्परा निभाते ग्रामीण।

## कोसली में विधि-विधान से हुआ होली का डांडा रोपण

**कोसली।** कोसली गांव में माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी पर होली पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को परंपरागत डांडा रोपने की रस्म श्रद्धा, आस्था और विधि विधान के साथ संपन्न हुई। धार्मिक परंपरा का आयोजन प्राचीन मान्यताओं के अनुसार किया गया, जिसमें गांव के गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नंबरदार विजय सिंह आजाद, नंबरदार होशियार सिंह, नंबरदार सुखरामपाल, लालू महाशय एवं पंडित रामचंद्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिपूर्वक रस्म को पूर्ण करवाया। पंडित रामचंद्र द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हुए परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। नंबरदार विजय सिंह आजाद ने बताया कि डांडा रोपने की यह परंपरा गांव में सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे का प्रतीक मानी जाती है। इस रस्म के पूर्ण होने से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आने वाला समय मंगलमय रहता है।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री

■ नपा चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

बाल कल्याण परिषद की ओर से शुक्रवार को जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कस्बे में दर्जनों बच्चों को किताबें, कॉपियां और पेन भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नियमित पढ़ाई के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित थे। नपा चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित नहीं होना चाहिए। सही समय पर सहयोग मिलने से बच्चे अपने और समाज के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि धारूहेड़ा में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से बच्चों को ई-बुक्स, शैक्षणिक वीडियो, सामान्य ज्ञान, अखबार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। डिजिटल लाइब्रेरी में कम्प्यूटर, किंडल के साथ हाई स्पीड इंटरनेट सहित अन्य व्यवस्था तथा पढ़ने के लिए उचित माहौल दिया गया है।

**संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित नहीं होना चाहिए**



रेवाड़ी। जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हल्दीराम फूड इंटरनेशनल व दुकानदार पर लगाया 25 हजार रुपये जुर्माना

**मंडी अटेली।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नारनौल ने हल्दीराम फूड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड एवं मंडी अटेली के एक दुकानदार पर 25 हजार का रुपये जुर्माना लगाया है। एक उपभोक्ता की शिकायत पर यह फैसला सुनाया है। अटेली-बेगपुर निवासी एडवोकेट विक्रम सिंह ने बताया कि मनीष यादव ने छह जून 2020 को अटेली मंडी के एक दुकानदार से हल्दीराम आलू की भुजिया का पैकेट खरीदा था, जिस पर कंपनी का 230 ग्राम वजन का मूल्य वसूल किया था, लेकिन देखने में पैकेट का वजन कम लग रहा था। इसलिए मनीष यादव ने उक्त पैकेट का वजन डिजिटल कांटे पर कराया तो पैकेट का वजन 156 ग्राम निकला, जिस पर मनीष यादव ने अपने वकील विक्रम सिंह से संपर्क किया तो एडवोकेट ने मनीष यादव को कंपनी को सूचि करने की सलाह दी, जिस पर उपभोक्ता ने एक मेल हल्दीराम कंपनी को आठ अक्टूबर 2020 को भेजी। मेल मिलने के बाद भी कंपनी ने उपभोक्ता को कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया, जिस पर उपभोक्ता अपने वकील के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नारनौल में शिकायत अंकित करवाई। जिस पर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के मेंबर डीएम यादव ने गत 21 जनवरी को अपना फैसला सुनाते हुए कंपनी व दुकानदार पर 15 हजार का जुर्माना व 10 हजार का मानसिक रूप प्रताड़ित करने का जुर्माना लगाया है।

## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए विभागीय कार्रवाई, 24 सिलेंडर पकड़े

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के गांव पाली में सोमवार को घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर संदीप कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर प्रमोद शेखावत के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव पाली में पिकअप गाड़ी से 24 सिलेंडर पकड़े हैं। टीम ने पिकअप गाड़ी से 14 एचपी एजेंसी व नौ इंडियन एजेंसी के सिलेंडर बरामद किए हैं। पकड़े गए सिलेंडर को टीम ने संबंधित एजेंसी में जमा करवा दिए हैं। बता दें कि खाद्य आपूर्ति विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पाली में गोपाल की पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से सिलेंडर रखे हुए हैं। इसी सूचना के आधार पर विभाग ने गांव पाली में रैड की। पिकअप गाड़ी की जांच की गई। पिकअप में 24 गैस सिलेंडर थे तथा सभी में गैस भी भरी हुई थी। अधिकारियों ने गोपाल से सिलेंडर संबंधी कागजात की मांग की, परंतु वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। बताते चलें कि व्यवसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर सरकार ने रोक लगा रखी है। इसके बावजूद भी प्रयोग में घरेलू गैस सिलेडरों का प्रयोग करते हैं।खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से कारोबार करने वाले लोगों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

■ पकड़े गए सिलेंडर को टीम ने संबंधित एजेंसी में जमा करवाए

**प्रतियोगिता** राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर में नाहड़ खंड की महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न साइकिल रेस में सरिता जखाला बनी विजेता

विजेताओं को प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना इस दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। एसडीएम विजय कुमार यादव शुक्रवार को राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर में नाहड़ खंड की महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक निरोगी जीवन के लिए अति आवश्यक है। इसलिए महिलाओं को सक्रिय रूप से इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता 18 से 30 और 30 से 45 वर्ष के दो आयु वर्ग में कराई गई, जिसमें 18-30 आयु वर्ग की साइकिल रेस में सरिता जखाला प्रथम, ज्योति कोसली द्वितीय व स्वीटी कान्हड़वास तृतीय स्थान पर रही। 300 मीटर दौड़ स्पर्धा में अंतिम गांव भूरथला पहले, महक गांव जाखला दूसरे व भारती गांव झाल ने तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में पूजा कोसली ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आरती कोसली ने दूसरा और ज्योति गुडियानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वरिष्ठ आयु वर्ग की 100 मीटर रेस में निशा भूरथला ने पहला, कविता ने दूसरा व बबिता कोसली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर स्पर्धा में पूजा झाड़ौदा प्रथम, सरला कोसली द्वितीय व संतोष कान्हड़वास तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में सरोज गुडियानी ने पहला, पूनम नेहरूगढ़ ने दूसरा और प्रतिभा झोलरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ राधा यादव ने की। इस मौके पर सुपरवाइजर पिंकी शर्मा, उपदेश, उगन्ना, नीतू यादव, संतोष उपस्थित रहीं। एसडीएम विजय कुमार यादव ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।





रेवाड़ी। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते एसडीएम विजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

# आस्था और भक्तिभाव के साथ रखा शुक्र प्रदोष व्रत

■ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा कर श्रद्धालुओं ने जीवन में सुख, समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भगवान शिव व मां पार्वती को समर्पित प्रदोष व्रत का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है। इस व्रत को अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। यदि यह व्रत शुक्रवार के दिन हो तो इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाता है। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत होकर यह व्रत आस्था और भक्तिभाव के साथ रखा गया। भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा कर श्रद्धालुओं ने जीवन में सुख, समृद्धि की कामना की। ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री का कहना है कि यह व्रत रखने से न केवल धन-संपत्ति से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आते हैं। इस अवसर पर उचित विधि से पूजा-अर्चना और उपवास करने से भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार, सप्ताह के अलग-अलग दिनों में पड़ने वाले प्रदोष व्रत अलग-अलग फल प्रदान करते हैं। शुक्र प्रदोष व्रत विशेष रूप से धन, वैवाहिक सुख और सौभाग्य की वृद्धि के लिए किया जाता है। प्रदोष काल में भगवान शिव कैलाश पर्वत पर आनंद मुद्रा में रहते हैं और इस समय की गई पूजा से वे शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों के कष्ट दूर करते हैं।

### कॉलोनाइजर लगातार प्लॉटिंग के खेल में मस्त, लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा

# एक माह में नौ कॉलोनियों पर चली जेसीबी, 40 एकड़ में तोड़े अवैध निर्माण

## चिन्हित की गई अधिकांश कॉलोनियों पर हुआ एक्शन, इसके बावजूद नई कॉलोनियां काटने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ती जेसीबी। फाईल फोटो। फोटो : हरिभूमि

जनवरी माह के दौरान डीटीपी की टीम ने 9 कॉलोनियों को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया। लगभग 40 एकड़ में निर्माण तोड़ दिए गए। इसके बाद भी नई कॉलोनियां काटने का सिलसिला बंद नहीं हुआ है। कॉलोनाइजर लगातार प्लॉटिंग के खेल में मस्त हैं और आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

डीटीपी की ओर से जनवरी माह में लगभग हर तीसरे दिन अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को जेसीबी से धराशाही करने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस कार्रवाई के दौरान प्रीकास्ट चारदीवारियों से लेकर डीपीसी तक को तोड़ा गया है। डीटीपी की ओर से अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों पर लगातार नजर रखी जा रही है। विकसित की जा रही कॉलोनियों के रोड नेटवर्क को भी खत्म किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अभी कुछ और कॉलोनियों को भी चिन्हित किया हुआ है, जिन पर आने वाले दिनों में जेसीबी चलना तय है। इनमें कुछ पुरानी कॉलोनियां भी शामिल बताई जा रही हैं। एक ओर जहां डीटीपी की ओर से तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर कॉलोनाइजर अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर से लेकर कस्बों तक के आसपास कॉलोनियां काटने का कार्य तेजी से चल रहा है। कृषि योग्य भूमि को खरीदने के बाद प्लॉटिंग की जा रही है। जमीनों के सौदे इस समय हो रहे हैं। मार्च के बाद फसल कटने के साथ ही प्लॉटिंग का कार्य और तेज हो जाएगा।

### कई जगह चल रहा प्लॉटिंग का खेल

इस समय भी लोगों को गुमराह करते हुए कई प्रॉपर्टी डीलर अवैध रूप से प्लॉटिंग का कार्य कर रहे हैं। शहर के चारों ओर कॉलोनाइजर मौका मिलते ही प्लॉटिंग शुरू कर देते हैं। जरूरतमंद लोग कॉलोनी जल्द नियमित होने की उम्मीद के साथ प्लॉटों की खरीद करने के बाद निर्माण शुरू करते हैं। इसके बाद जब डीटीपी की जेसीबी चलती है, तो उन्हें दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद खरीदार भी आंखें बंद करके प्लॉट खरीदते हैं।

### लोगों को झांसे में देकर बना रहे शिकार

प्रदेश सरकार की अनियमित कॉलोनियों को रेगुलर करने की प्रक्रिया का प्रॉपर्टी डीलर और कॉलोनाइजर जमकर फायदा उठा रहे हैं। लोगों को कॉलोनी जल्द नियमित होने का भरोसा दिलाते हुए यह लोग महंगे दामों पर प्लॉट बेचने में कामयाब हो जाते हैं। इसके बाद जब खरीददार प्लाटों पर निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की टीम उनके अरमानों पर पानी फेर देती है। इससे अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।

### अवैध निर्माण नहीं होंगे बर्दाश्त



कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। प्लॉट खरीदने वाले लोगों को नुकसान से बचने के लिए पहले डीटीपी कार्यालय आकर कॉलोनी के नियमित होने के बारे में जानकारी लेनी चाहिए। उन्हें प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में नहीं आना चाहिए।

-मंदीप सिंहाग, डीटीपी।

# कृषि यंत्रः किसान 16 तक करें ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए आरकेवीवाई स्कीम के स्मैम मद के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 16 फरवरी तक कृषि विभाग की वैबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। कृषि उप निदेशक डा. जितेन्द्र अहलावत ने बताया कि जो किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सीजन रबी 2024 व खरीफ 2025 में पंजीकृत है, वे ही स्कीम के लिए आवेदन कर सकते है।

एक परिवार पहचान पत्र में से केवल एक किसान एक कृषि यंत्र पर ही अनुदान का लाभ ले सकता है। योजना में अनुसुचित जाति/लघु व सीमांत/ महिला किसानों को 50 प्रतिशत व अन्य किसानों को 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। लघु व सीमांत श्रेणी के किसानों को लाभ उनकी मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत जमीन के आधार पर दिया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान के नाम हरियाणा राज्य में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, बैंक खाता, पैनकार्ड, परिवार पहचान पत्र एवं आधार कार्ड जरूरी है।

अनुसुचित जाति के किसान को जाति प्रमाण पत्र देना होगा तथा आवेदन करने वाले किसान को खेत में फसल अवशेष नहीं जलाने व पिछले 3 वर्षो में उसी कृषि यंत्र पर अनुदान न लेने बारे शपथ पत्र भी देना होगा।

### अनुदान उपलब्ध होगा

सहायक कृषि अभियंता इंजी दिनेश शर्मा ने बताया कि स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे कि बैट्री/इलेक्ट्रिक/सोलर ऑपरेटिड पॉवर वीडर, राईड ऑन सैल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूलबार, सैल्फ प्रोपेल्ड हाईक्लीयरंश बूमस्प्रेयर, हाई कैपस्टी चाफकटर लोडर के साथ ट्रैक्टर ऑपरेटिड साईलेज पैकिंग मशीन/बेलर, बैट्री ऑपरेटर फर्टीलाइजर ब्रोडकास्टर, ट्रैक्टर ऑपरेटिड फर्टीलाइजर ब्रोडकास्टर, ट्रैक्टर ऑपरेटिड हाईड्रोलिक प्रेस स्ट्रा बैलर, सब सॉयलर, मल्टीक्रोप बैड प्लान्टर/रेज्ड बैड प्लान्टर, सैल्फ प्रोपेल्ड राईस ट्रांसप्लान्टर, विनोविंग फैन, मिलेट मशीन/मिलेट मील, मेज थ्रैशर/मैज सलैसर, न्युमैटिक प्लान्टर, ऑयल एक्सपेलर, सुगरकेन थ्रैस कटर 75 इंच साइज, मोबाईल/कॉटन श्रेडर, कॉउ डंग ब्रिकेट मशीन, कॉउ डंग डीवाटरिंग मशीन, ट्रैक्टर माउन्टिड पावर वीडर तथा आलू बोने की मशीन पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

### गंभीरता से कार्य करें विभागाध्यक्षः डीसी

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निपटान करने के निर्देश दिए है। डीसी मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ पर आई शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। बैठक से पहले कमिश्नर एवं वित्त विभाग हरियाणा के सचिव सीजी रजनी कांथन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा कहा कि लंबित शिकायतों का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाने में विभागीय अधिकारी सजगता दिखाएं। समाधान शिविर में जिन शिकायतों का समाधान हो चुका है, उनसे संबंधित विवरण पोर्टल पर साथ-साथ अपलोड करें।

# आईजीयू में पापुआ न्यू गिनी में शैक्षणिक अनुसंधान व रोजगार पर की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



रेवाड़ी। संगोष्ठी में जानकारी देते मुख्य वक्ता व मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अंतरराष्ट्रीय मामले सेल और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण पहलू के अंतर्गत पापुआ न्यू गिनी में शैक्षणिक, अनुसंधान और रोजगार के अवसर/" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राजकुमार पापुआ न्यू गिनी यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पापुआ न्यू गिनी से थे।

कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह एवं निदेशक, अंतरराष्ट्रीय मामले सेल डा. रमेश कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डा. रमेश कुमार ने व्याख्यान के विषय संबंधित जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रोफेसर राजकुमार ने विद्यार्थियों को पापुआ न्यू गिनी व अन्य देशों के विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया, उपलब्ध छात्रवृत्तियों, प्रवेश परीक्षा, आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे विभिन्न विदेशी छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी कैसे कर सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से छात्रवृत्ति प्राप्त करने की संभावनाएं कैसे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से उच्च कोटि की सोच रखते हुए बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### प्रोत्साहित किया

कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने विद्यार्थियों को शोध कार्यों के प्रति निष्ठा पूर्वक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रमों में एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत किसी भी संस्थान के विद्यार्थी देश-विदेश के अन्य संस्थानों में शोध कार्यों एवं प्रशिक्षण के लिए आ जा सकते हैं, जिसके लिए शैक्षणिक संस्थाओं के साथ एमओयू भी किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन सचिव, डा. संजय यादव ने मुख्य वक्ता, सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# 'किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार'



रेवाड़ी। एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा, श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक गौरव दत्त तथा गायक संजय शर्मा। फोटो : हरिभूमि

- शिव मंदिर में जया एकादशी पर हुए संकीर्तन में श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रृद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में वीरवार रात्रि जया एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 125वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में तिजारा राजस्थान से भजन गायक गौरव दत्त व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा के मनमोहक भजनों पर श्रृद्धालु झूमते नजर आए। एकादशी पर श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार धारूहेड़ा चुंगी निवासी श्रेया मिश्रा ने कराया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित करके संकीर्तन का शुभारंभ किया। शुक्रवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**भजनों ने श्रृद्धालुओं को किया भावविभोर**

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश वंदना तथा श्रीराम व बालाजी महाराज की स्तुति से संकीर्तन का शुभारंभ किया। उन्होंने 'जीवन संवार देगाश खुशियां हजार देगा, बाबा से दिल लगा ले, तूझे प्यार-प्यार देगा' सहित अनेक भजन सुनाएं। इसके बाद तिजारा से गायक गौरव दत्त ने अनेक भाव भरे भजन सुनाएं। भजन गायक ने 'कलुयग में बस एक सहारा है, खाटूवाला श्याम हमारा है, किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, सच्ची सरकार तुम्हारी, सांचा दरबार', 'दो छोटे-छोटे घर है, जिन्हे नैना कहते है, कभी इस घर में, कभी उस घर में मेरे बाबा रहते है' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया।

### ये रहे मौजूद

श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, मनीष सचदेवा, सुभाष शर्मा, पुरुषोत्तम, मयूर गोयल, कुशल, अनिल मखीजा, संजय सहगल, नवीन शर्मा, राहुल, मीनाक्षी, वंदना, आरती, अभिलाषा व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### स्कूल बस चालकों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

रेवाड़ी। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को आरपीएस स्कूल में बस चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। प्राधिकरण और पुलिस का अभियान लगातार चल रहा है, जिसके तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है। आरटीए कार्यालय के टीआई वर्षकेतु और संदीप की टीम ट्रैफिक पुलिस के साथ स्कूल पहुंची। वहां बस चालकों को एकत्रित करने के बाद बताया कि स्कूल बच्चों में मासूम बच्चे सफर करते हैं। ऐसे में अगर चालक जरा सी भी लापरवाही बरतते हैं, तो इससे बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। बस चालकों को चाहिए कि वह बच्चों को स्कूल लाने और ले जाते समय वाहनों को सावधानी से चलाएं। कभी भी नशे में बस नहीं चलाएं। सड़क पर वाहन चलाते समय विपरीत दिशा का इस्तेमाल करने से बचें। वाहन को अपनी लेन में चलाएं। स

# चहक ने निशानेबाजी में जीता स्वर्ण और कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भोपाल में आयोजित 69वें स्कूली नेशनल गेम्स में जिले की निशानेबाज चहक ने अपनी पिस्टल से न केवल सटीक निशाना साधा, बल्कि हरियाणा की झोली में स्वर्ण और कांस्य पदक डालकर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया। 17 वर्ष की चहक ने प्रतियोगिता में साहस का परिचय देते हुए अपने मूल आयु वर्ग अंडर-17 को छोड़कर उच्च श्रेणी अंडर-19 में हिस्सा लिया। चहक ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 400 में से 382 का शानदार स्कोर करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया, जबकि टीम इवेंट में हरियाणा को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चहक सेक्टर-4 स्थित राव शूटिंग स्पोर्ट्स अकेडमी में अंतरराष्ट्रीय कोच रमन राव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। रमन राव अब तक खेल जगत को 2 एशियन मेडलिस्ट और 17 नेशनल मेडलिस्ट दे चुके हैं।

### राष्ट्रीय पक्षी के पंख उखाड़ने वाले किए पुलिस के हवाले



रेवाड़ी/कोसली। बीते वीरवार की शाम को सुर्खपुर गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर को जाल में फंसाने के बाद उसके पंख उखाड़ रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने घेर लिया। सूचना देकर पुलिस और वन्य जीव विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। विभाग ने मोर का उपचार शुरू कराते हुए उसे नाहड़ बीहड़ में सुरक्षित कमरे में रखा हुआ है। सुर्खपुर के ग्रामीणों ने दो लोगों को गांव के खेतों के पास मोर का शिकार करते हुए देख लिया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक मोर को जाल में फंसाकर दोनों आरोपी उसके पंख उखाड़ रहे थे। बेरहमी से मोर के पंख उखाड़े जा रहे थे। ग्रामीणों ने मौके पर जाकर दोनों आरोपियों को घेर लिया। इसी दौरान पुलिस और वन्य जीव विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना कोसली पुलिस और नाहड़ अभ्यारण से वाइल्ड लाइफ सब इंस्पेक्टर विक्रम अपनी टीम के साथ पहुंच गए। मोर को शिकारियों के चंगुल से आजाद करा लिया गया। पुलिस ने रेवाड़ी के रामसिंहपुरा निवासी अतर सिंह और महेश को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

# शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तथा हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने देश के ज्ञात-अज्ञात वीर शहीदों एवं बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके दिखाए सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए वीर जवानों ने शहीद होकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। देश के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी और कई पीढ़ियो के बलिदान के बाद हमें आजादी मिली है। उन्हीं शहीदों की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें अपने शहीदों को नमन करते उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

# एसो. ने की निलंबित छह पटवारियों की बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के सभी पटवारी व कानूनगो ने जिला पटवार में सांकेतिक धरना दिया। धरने के दौरान एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री की ओर निलंबित किए गए छह पटवारियों की बहाली करने की मांग की। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान बलजीत सिंह यादव ने की। इस मौके पर जिला सचिव रणबीर सिंह पटवारी ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से अकारण निलंबित किए गए छह पटवारियों का निर्णय गलत व अनैतिक है। सरकार को यूनियन की बात को सुनकर यह फैसला जनहित में वापस लेना चाहिए। हरियाणा के पटवारियों पर कार्य का बोझ बहुत ज्यादा है। बहुत ही कम समय में चंद पटवारियों से इतना ज्यादा कार्य लिया जाता है। वर्तमान में पटवारियों के लगभग 1300 पद रिक्त है। रिक्त पदों का अतिरिक्त बोझ वर्तमान में कार्यरत सभी पटवारियों पर अति भार के रूप में पड़ रहा है। साथ ही मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अधिकारियों की ओर से जब फसल सत्यापन का कार्य किया जाता है, तो पटवारी को ही बलि का बकरा बनाया जाता है। उन्होंने ने बताया कि निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल न करने की सूरत में राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर आंदोलन को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राकेश कुमार गिरदावर, विक्रम सिंह पटवारी, शिवचरण पटवारी, सुधीर पटवारी व कविता पटवारी सहित अनेक पटवारी व कानूनगो मौजूद थे।



रेवाड़ी। पटवार भवन में धरने पर बैठे कानूनगो व पटवारी। फोटो : हरिभूमि

**सियासत** लोस व विस चुनावों में निभा चुकी सक्रिय भागीदारी, पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए मिला जिला उपाध्यक्ष का जिम्मा


# नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस में दावेदार कम

- गुटबाजी से दूर रेखा दहिया का पलड़ा भारी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चुनावों की घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन चेयरमैन पद के लिए टिकट के दावेदार अभी से अपना जुगाड़ बैठाने में लगे हुए हैं। एससी महिला के लिए आरक्षित चेयरमैन की टिकट को लेकर भाजपा में जहां दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, वहीं कांग्रेस में टिकट को चुनिंदा दावेदार ही सामने आ रहे हैं। पार्टी की गुटबाजी से दूर रहकर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सक्रिय भूमिका अदा करने वाली रेखा दहिया का पलड़ा कांग्रेस की टिकट हासिल में सबसे भारी नजर आ रहा है।

आम आदमी पार्टी को अलविदा कहने के बाद लोकसभा चुनावों से काफी समय पहले कांग्रेस ज्वाइन करने वाली रेखा दहिया ने पिछले दोनों चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की मदद के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। उन्होंने पार्टी की गुटबाजी में कोई दिलचस्पी बनाने की बजाय ग्राउंड लेवल पर काम किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से लेकर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ भी उनके अच्छे राजनीतिक संबंध रहे हैं। गत विधानसभा चुनावों में उन्होंने बावल आरक्षित सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी डा. एमएल रंगा की खुलकर मदद की थी। रेखा दहिया ने पार्टी के लगभग सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हाल ही में प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की ओर जारी जिला संगठन की सूची में रेखा दहिया को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की तरह रेखा दहिया कांग्रेस की जिला स्तर पर सबसे तेज-तर्रार नेत्री के रूप में पहचान बना चुकी हैं। नपा चेयरमैन के चुनाव में इस बार भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने के लिए रेखा को सबसे मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में अगर कांग्रेस रेखा पर दांव खेलती है, तो इस बार भाजपा प्रत्याशी पिछले चुनावों के मुकाबले कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।



कैप्टन अजय सिंह यादव।



राव नरेन्द्र सिंह।



रेखा दहिया।

### कैप्टन निकल सकते हैं 'घर से बाहर'

नगर परिषद के पिछले चुनावों में कांग्रेस की बागडौर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के हाथों में थी। उन्होंने अपने भतीजे रणविजय की पत्नी विक्रम यादव को टिकट दिलाकर मैदान में उतवाया था। इसके बाद कैप्टन के खास समर्थकों ने भी 'परिवारवाद' के आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की थी। कैप्टन की पुत्रवधु भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर तक नहीं दे सकी थी। उन्हें तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था, जिस कारण कैप्टन इस बार टिकट के मामले में 'घर से बाहर' निकल सकते हैं।

### निवर्तमान पार्षद टिकट की फिराक में

नप चेयरमैन के चुनाव में अपनी पत्नी को कांग्रेस की टिकट दिलाने के लिए एक निवर्तमान पार्षद भी पूरे प्रयास कर रहे हैं। इस निवर्तमान पार्षद की शहर में अपनी अच्छी पहचान है, परंतु चुनाव पत्नी को लड़वाना है। उनकी पत्नी की शहर में खुद की कोई खास पहचान नहीं है। पार्टी की गतिविधियों से भी उनका कोई खास सरोकार नहीं है। इसके बावजूद निवर्तमान पार्षद प्रदेश स्तर की एक प्रभावशाली महिला मंत्री से अच्छे संबंधों की बदौलत अपनी पत्नी को टिकट दिलाने की फिराक में हैं।